06 राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित साप्ताहिक...






07 मकर संक्रांति के पर्व को लेकर शहर के गांधी चौक पर लडडूओं की...




## समाचार संक्षेप

### दलवी नगर में संपत्ति कर, जलकर एवं समस्या निवारण शिविर आयोजित



**गुना।** नगर पालिका परिषद गुना द्वारा संपत्ति कर, जलकर एवं समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता द्वारा वार्ड क्रमांक 02 में शिविर का शुभारंभ कराया गया। वार्ड क्रमांक 2,दलवी कॉलोनी में शिविर लगाया गया जहां नागरिकों द्वारा 87,000 रुपये संपत्ति कर जमा कराए गए। इस दौरान वार्ड क्रमांक 2, में स्ट्रीट लाइट की मरम्मत कराई गई तथा जल सुनवाई करने के साथ खुले नलों में टोंटियां लगवाई गई। शिविर का परियोजना अधिकारी संजय श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया तथा अधिक से अधिक बसूली करने के निर्देश नपा अधिकारियों को दिए। शिविर के दौरान प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री,राजस्व अधिकारी योगेन्द्र सिंह, आर एस आई हरिप्रसाद जाटव, ए आर आई विनोद शर्मा, राकेश भार्गव ,विद्युत शाखा प्रभारी नरेंद्र नोनेरिया, स्वच्छता प्रभारी कैलाश धूरिया उपस्थित रहे।

### कलेक्टर द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 3.0 के तहत 05 हितग्राहियों को गैस कनेक्शन किए गए प्रदान




**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा अनुसूचित जनजाति परिवारों को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 3.0 के तहत 5 हितग्राहियों को गैस कनेक्शन प्रदाय किए गए। गैस कनेक्शन के साथ सिलेंडर गैस, चूल्हा व रेग्यूलेटर प्रदाय किए गए। कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया है कि सभी जारी होने वाले प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की गैस कनेक्शन जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्रामों में वितरण किए जाएं। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 3.0 के तहत गुना जिले में अनुसूचित जनजाति के परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर निःशुल्क गैस कनेक्शन दिए जा रहे हैं। जिले में 10123 अनुसूचित जनजाति परिवारों को चिन्हित किया गया तथा उसी क्षेत्र के गैस एजेंसी द्वारा घर-घर ग्रामवार जाकर कैंप आयोजित कर फॉर्म भरवाएं जा रहे हैं। इस फॉर्म के अनुसार परिवारों का कोई सदस्य प्रतिमाह 10 हजार मासिक आय से अधिक न हो/ आयकर दाता न हो/परिवार का सदस्य सरकारी सेवा में न हो/ एक हेक्टेयर से अधिक जमीन न हो/ 30 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल से अधिक का स्वामी न हो।

### आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं से संबंधित 185 आवेदन किए गए प्रस्तुत



**गुना।** शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। विभिन्न आवेदकों ने जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य और नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये, जिनके निराकरण के निर्देश दिये गये। आज इस दौरान लगभग 185 आवेदन नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किये गये।

### रोटरी मेडिकल मिशन के तहत लगा स्वास्थ्य शिविर



**गुना।** मध्यप्रदेश शासन एवं माधव राव सिंधिया स्वास्थ सेवा मिशन एवं रोटरी क्लब गुना एवं रोटरी क्लब गुना रॉयल के सयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बजरंगगढ़ में स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत शुभारंभ रोटरी अध्यक्ष सीए ब्रजेश अग्रवाल, शिविर संयोजक विकास जैन नखराली,मनोज अग्रवाल, शैलेश गुप्ता, श्याम गर्ग, इनरव्हील क्लब अध्यक्ष रेनू अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, कविता जैन सहित उपस्थित डाक्टरों की टीम ने मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। शिविर संयोजक विकास जैन ने बताया कि शिविर में जिला चिकित्सालय गुना के डाक्टरों की टीम जिसमें एम डी मेडिसिन डॉ आदित्य श्रीवास्तव, नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक गोयल, हड्डी रोग विषेषज्ञ डॉ योगेश द्विवेदी, महिला रोग विषेषज्ञ डॉ रश्मि दीक्षित, दंत रोग विषेषज्ञ डॉ अक्षी कांत, डॉ अनुराधा नैयर, डॉ नीरज मीणा सहित उपस्थित डाक्टरों की टीम द्वारा 125 से अधिक रोगियों का स्वास्थ परीक्षण कर उचित परामर्श दिया ।

# एक ऑटो में भरी है दो दर्जन सवारियां, कर रहे हैं मौत का सफर

### ना कानून की परवाह, ना ट्रैफिक नियमों का खौफ

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

शहर और ग्रामीण अंचलों में यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ताजा मामला एक ऑटो रिक्शा का है, जिसमें क्षमता से कई गुना अधिक सवारियां बैठाकर चालक सड़क पर फर्राटा भरता नजर आया। हैरानी की बात यह रही कि एक छोटे से ऑटो में करीब दो दर्जन लोग ठूंस-ठूंसकर बैठाए गए थे, जो किसी भी वक्त बड़े हादसे को न्योता दे सकते हैं।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ऑटो में महिलाएं, पुरुष और बच्चे सभी सवार थे। किसी को दरवाजे पर लटककर तो किसी को ऑटो की छत और पिछले हिस्से में बैठकर सफर करते देखा गया। न तो चालक को यात्रियों की जान की चिंता थी और न ही सवारियों को अपनी सुरक्षा की। यह नजारा देखकर राह चलते लोग भी सहम गए, क्योंकि जरा सी चूक बड़ा हादसा बन सकती थी।क्षमता से



अधिक सवारियां होने के कारण ऑटो का संतुलन बिगड़ता नजर आया। सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों के बीच इस तरह ओवरलोड ऑटो का चलना न केवल उसमें बैठे यात्रियों के लिए बल्कि अन्य वाहन चालकों और पैदल राहगीरों के लिए भी खतरा बना हुआ है। बावजूद इसके, चालक बेखौफ होकर यातायात नियमों को नजरअंदाज करता रहा।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ऐसे दृश्य अक्सर देखने को मिलते हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी के बावजूद कई ऑटो चालक नियमों को ताक पर रखकर सवारियां ढो रहे हैं। नतीजतन लोगों की जान जोखिम में डाली जा रही है।नियमों के अनुसार ऑटो रिक्शा में सीमित संख्या में ही यात्रियों को बैठाने की अनुमति है, लेकिन लालच में आकर चालक अतिरिक्त सवारियां भर लेते हैं। यह लापरवाही कभी भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि समय रहते हादसों पर रोक लग सके और लोगों की जान सुरक्षित रह सके।

## दिव्यांग दंपत्ति बने आत्मनिर्भरता की मिसाल

# 10 हजार से टेकरी से मेले में लगाई दुकान और पहले ही दिन कमा लिए 6 हजार





### आर्थिक सहयोग से बदली ज़िंदगी, जिला प्रशासन का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई आमतौर पर समस्याओं और शिकायतों का मंच होती है, लेकिन मंगलवार को जनसुनवाई का दृश्य कुछ अलग और भावुक कर देने वाला था। यहां एक दिव्यांग दंपत्ति किसी समस्या को लेकर नहीं, बल्कि कलेक्टर को धन्यवाद ज्ञापित करने पहुंचे। यह दृश्य देख वहां मौजूद अधिकारी, कर्मचारी और नागरिक भी भावुक हो उठे।दरअसल श्रीराम कॉलोनी निवासी रूपवती बाई और उनके पति, दोनों ही लगभग 80 प्रतिशत दिव्यांग हैं।

लंबे समय से यह परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। रोज़मर्रा की ज़रूरतें पूरी करना भी उनके लिए कठिन हो गया था। ऐसे में कुछ दिन पहले उन्होंने जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर को एक आवेदन सौंपकर आर्थिक सहायता की गुहार लगाई थी।कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए न सिर्फ दंपत्ति को 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान कराई, बल्कि उन्हें स्वरोजगार शुरू करने की प्रेरणा और मार्गदर्शन भी दिया। इस सहयोग और सलाह ने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी।आर्थिक मदद मिलने के बाद दंपत्ति ने टेकरी मेले में खिलौनों की दुकान शुरू की। मेहनत और लगन का फल उन्हें जल्द ही मिला और शुरुआती दिनों में ही लगभग 6 हजार रुपए की आय हुई। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और अब वे नियमित रूप से दुकान लगाकर अपनी आजीविका चला रहे हैं।मंगलवार को दंपत्ति विशेष रूप से जनसुनवाई में पहुंचे और कलेक्टर को धन्यवाद पत्र सौंपकर आभार व्यक्त किया। रूपवती बाई ने भावुक होते हुए कहा,"हम दोनों पति-पत्नी दिव्यांग हैं, लेकिन आज हमें अपने पैरों पर खड़े होने का हौसला मिला है। कलेक्टर साहब की मदद से हम आत्मनिर्भर बन पाए हैं।"


उन्होंने यह भी कहा कि यदि इसी तरह दिव्यांगजनों को सहयोग और मार्गदर्शन मिलता रहे, तो वे भी समाज में सम्मान के साथ जीवन जी सकते हैं।यह घटना न केवल संवेदनशील प्रशासन का उदाहरण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि सही समय पर मिली थोड़ी-सी मदद और सकारात्मक मार्गदर्शन किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। यह दिव्यांग दंपत्ति आज आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते हुए समाज के लिए प्रेरणा की मिसाल बन गया है।

# क्षमता से अधिक सवारी भरने पर बस जब्त

**यातायात पुलिस की सघन वाहन चेकिंग, यातायात नियमों से खिलवाड़ नहीं, जीवन की सुरक्षा सर्वोपरी**

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) मुकेश कुमार दीक्षित के सतत पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप सिंह द्वारा अपने यातायात बल के साथ शहर के प्रमुख एवं संवेदनशील स्थानों जज्जी बस स्टैंड, जयस्तंभ चौराहा एवं हनुमान चौराहा पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया । अभियान के दौरान विशेष रूप से यात्री बसों की गहन जाँच की गई । जाँच के समय गुर्जर ट्रेवल्स की एक बस, जिसकी स्वीकृत क्षमता मात्र 32 सीट थी, उसमें नियमों की खुलेआम अनदेखी करते हुए लगभग 70 से 80 यात्री भरे हुए पाए गए । यह न केवल यातायात कानूनों का उल्लंघन था, बल्कि यात्रियों की जान के साथ किया गया गंभीर खिलवाड़ भी था । स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्यवाही करते हुए उक्त बस को जप्त कर थाने में खड़ा किया गया। थाना प्रभारी यातायात टीआई अजय प्रताप सिंह ने बताया कि संबंधित बस पर




10,000 रूपये का जुर्माना लगाया गया है तथा नियमानुसार जुर्माना अदा करने के पश्चात हिदायत के साथ बस को उसके स्वामी की सुपुर्दगी में दिया जाएगा । इसके अतिरिक्त अभियान के दौरान अन्य क्षमता से अधिक भरे वाहनों पर भी कार्यवाही की गई, जिनसे कुल मिलाकर 22,000 रूपये का शमन शुल्क वसूल किया गया । टीआई अजय प्रताप सिंह ने सख़्त शब्दों में कहा कि क्षमता से अधिक सवारी भरकर बस चलाना केवल नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि हर यात्री के जीवन को खतरे में डालने जैसा गंभीर अपराध है । उन्होंने कहा कि सड़क पर चलने वाला हर व्यक्ति किसी का बेटा, बेटी, माँ या पिता होता है, उसकी सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है । एक छोटी-सी लापरवाही कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, जिसका खामियाज़ा निर्दोष परिवारों को भुगतना पड़ता है । उन्होंने स्पष्ट किया कि बसों की सघन एवं निरंतर जाँच आगे भी जारी रहेगी । समस्त बस संचालकों एवं वाहन चालकों को कड़ी हिदायत दी गई है कि वे क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएँ, वाहन की फिटनेस, परमिट एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज़ अद्यतन रखें तथा यातायात नियमों का सख़्ती से पालन करें । नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध आगे भी कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। यातायात पुलिस का यह अभियान केवल चालान काटने के उद्देश्य से नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं आम नागरिकों के जीवन की रक्षा के दृढ़ संकल्प के साथ चलाया जा रहा है। यातायात नियम कोई बोझ नहीं, बल्कि सुरक्षित जीवन की सबसे मजबूत गारंटी हैं।

### सुधासागर कॉलोनी पार्क में स्वच्छता एवं विकास अभियान, जनप्रतिनिधियों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

वार्ड क्रमांक 06 स्थित सुधासागर कॉलोनी के पार्क में नगर पालिका द्वारा स्वच्छता एवं विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पार्क की व्यापक सफाई बड़े उत्साह और समर्पण के साथ की गई।इस पहल का नेतृत्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता एवं वार्ड पार्षद ओमप्रकाश कुशवाह 'गब्बर' ने किया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने स्वयं सफाई कार्य में भाग लेकर नागरिकों को



स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का सकारात्मक संदेश दिया।नगर पालिका अध्यक्ष ने पार्क की क्षतिग्रस्त बाउंड्री वॉल के पुनर्निर्माण हेतु उपयंत्री चंदेल को आवश्यक निर्देश दिए, जिससे पार्क की सुरक्षा और सौंदर्य में वृद्धि हो सके। साथ ही पार्क में बेंचों की मरम्मत, पौधरोपण एवं पाथवे निर्माण जैसे अन्य विकास कार्यों की भी योजना बनाई गई है।अभियान के दौरान भाजपा नेता राजेश साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजूषा खत्री, वार्ड के युवा कार्यकर्ता तथा नगर पालिका की स्वच्छता टीम के सदस्य उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से अभियान को सफल बनाया गया।यह स्वच्छता एवं विकास अभियान न केवल पार्क की सुंदरता बढ़ाएगा, बल्कि स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण भी उपलब्ध कराएगा। साथ ही यह पहल पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता को भी प्रोत्साहित करेगी।

### ग्वालियर संभाग कार्यपालन यंत्री द्वारा निर्माण कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ,संभाग ग्वालियर के कार्यपालन यंत्री हरीश बाबू शाक्यवार द्वारा दूसरे दिन भी नगर पालिका गुना में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने हाट रोड रपटे के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया तथा कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश उपयंत्रियों को निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने अमृत 2.0 के अंतर्गत मावन पर बन रहे फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया तथा निर्माण एजेंसी की ग्राउंड लैब, सीमेंट तथा



सीमेंट की एक्सपायरी डेट आदि की जानकारी ली ।मिक्सर प्लांट में सीमेंट आदि की गुणवत्ता देखी व निर्माण में उपयोग होने वाले सीमेंट एवं मिक्सर की टेस्ट रिपोर्ट की जांच की एवं कार्य,में उपयोग किये जा रहे पाइपों की जांच की। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री,सहायक यांत्रिक शैलेंद्र अवास्या, जल प्रकोष्ठ प्रभारी संचित डिमरी, उपयंत्री सुनील कुमार जैन,नितिन चंदेल, रामवीर शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए पेंशन शिविर का आयोजन 15 व 16 जनवरी को

**गुना।** जिला पेंशन अधिकारी रश्मि तंतुवाय ने बताया कि पेंशन कार्यालय द्वारा जिन प्रकरणों पर आपत्ति दर्ज की गई है, उन्हें नियमानुसार पूर्ति उपरांत निराकरण के लिये समय पर प्रस्तुत नहीं किये जा रहे है तथा सेवानिवृत्ति के 06 माह पूर्व प्रकरण निराकरण हेतु जिला पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत करने का प्रावधान है।जिला पेंशन कार्यालय में सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण त्वरित निराकरण के लिये प्रत्येक माह के तृतीय गुरूवार एवं शुक्रवार को पेंशन शिविर का आयोजन किया जाता हैं। इस बार यह शिविर दिनांक 15 एवं 16 जनवरी 2026 को आयेजित किया जा रहा हैं।

## बमोरी ब्लॉक के बड़ी संख्या में पीड़ित किसान न्याय की गुहार लेकर गुना कलेक्ट्रेट पहुंचे

# गलत दवा के कारण धनिया की फसल जलकर खाक, लाखों की फसल बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

बमोरी ब्लॉक के ग्राम विशनवाड़ा और पाटन के किसानों पर कीटनाशक दवा का छिड़काव भारी पड़ गया है। आरोप है कि एक कृषि केंद्र संचालक द्वारा गलत दवा दिए जाने के कारण किसानों की लहलहाती धनिया की फसल पूरी तरह झुलस गई है। सोमवार को बड़ी संख्या में पीड़ति किसान न्याय की गुहार लेकर गुना कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल को शिकायती पत्र सौंपा हैं। किसानों ने बताया कि करीब 20 दिन पहले उन्होंने विशनवाड़ा स्थित श्रीराम कृषि सेवा केंद्र से ट्रेक्स नामक कीटनाशक दवा खरीदी थी। दो महीने की कड़ी मेहनत के बाद तैयार हुई




फसल पर जैसे ही दवा का छिड़काव किया गया, फसलें बर्बाद होने लगीं। जब किसान इसकी शिकायत लेकर दुकान संचालक के पास पहुंचे, तो उसने संवेदनहीनता दिखाते हुए जवाब दिया-जल गई तो जल गई। दुकानदार के इस अड़यिल रवैये से किसानों में भारी आक्रोश है। शिकायत लेकर पहुंचे किसानों ने बताया कि उक्त संचालक की एक दुकान ग्राम पाटन में भी है, वहां से भी दवा खरीदने वाले किसानों की फसलें खराब हुई हैं। आरोप है कि दुकानदार ने कुछ संपन्न और प्रभावशाली किसानों को विवाद से बचने के लिए पैसे वापस कर दिए हैं, लेकिन गरीब और मध्यम वर्गीय किसानों को नुकसान की भरपाई करने से इनकार कर दिया। कलेक्ट्रेट पहुंचे करीब 8 से 10 किसानों ने अधिकारियों को कीटनाशक का डिब्बा, खरीदी का बिल और खेतों में बर्बाद हुई फसल के फोटो दिखाए।

किसानों का कहना है कि इस गलत दवा के कारण उन्हें लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों की मांग है कि कृषि विभाग की टीम खेतों का सर्वे कर नुकसान का आकलन करे और दोषी दुकानदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें उचित मुआवजा दिलाया जाए।किसानों द्वारा पकका बिल, दवा का फोटो, फसलों की तस्वीर कलेक्टर महोदय को दी हे अब देखना है कि प्रशासन तुरंत कार्यवाही करता हे या नहीं ।

**जांच करवा रहा हूं**

यह मामला मेरे संज्ञान में है मैं टीम गठित कर जांच करवा रहा हूं जो भी दोषी होगा। कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-उप संचालक कृषि गुना

### समाचार संक्षेप

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भादौर में मनाया युवा दिवस, कराया योग

**आरोन।** स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस पर युवा दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भादौर में मनाया गया। जिसमें प्राचार्य खगेन्द्र रघुवंशी, रामेश्वर शर्मा, कुलदीप रही, थी वहां अम्बरीष कुमार कस्तवार आदि ने सर्व प्रथम स्वामी विवेकानंद जी एवं सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए तत्पश्चात प्रार्थना, सूर्य नमस्कार,योग गतिविधियों को सभी ने सामूहिक रूप से बच्चों के साथ किया। बच्चों को स्वल्पाहार कराया। जिसमें पुष्पेन्द्र तिवारी, बालकृष्ण ओझा, सुरेश परिहार, इमरान खान, हरिओम श्रीवास्तव, रविन्द्र तिवारी,राजू अहिरवार, विकास रघुवंशी, अमरसिंह बुनकर, जगदीश दामले, ऋचा यादव, प्रमिला ओझा, शल्या दीक्षित, विनय रावकोटे आदि शिक्षक गण ने सहभागिता की। सूर्य नमस्कार योग संचालन, विकास खंड योग प्रभारी अम्बरीष कुमार कस्तवार भादौर द्वारा किया।



## अग्रवाल महिला मंडल ने संक्रांति के उपलक्ष्य में लक्ष्मीनारायण मंदिर पर खीचड़ी का प्रसाद वितरण

**गुना।** अग्रवाल महिला मंडल के सानिध्य मे मकर संक्रांति के तत्वाधान में लक्ष्मी नारायण मंदिर जय स्तम्भ चौराहे पर खीचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया । जिसमें सभी भक्तों ने खीचड़ी का प्रसाद का आनंद लिया महिला महिला मंडल की अध्यक्ष नीलम बिंदल का संकल्प है जब तक शरीर है तब तक नेक कार्य धार्मिक आयोजन होते रहे और उनका कहना है कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और हाथों से और सभी को साथ मे लेकर धर्म के मार्ग पर हमेशा चलना चाहिए। माधव सेवा ही मानव धर्म है भूखो को भोजन प्यासे को पानी पिलाना इस संसार मे बहुत बड़ा धर्म है। भगवान और आनंदमयी माता की कृपा से सौभाग्य मिला इस शरीर को सेवा करने का मौका मिला हम सभी के लिए जिसमें प्रदीप बिंदल, रिंकू बोहरे अग्रवाल, नीरज अग्रेस, विवेक मंथन, ज्योत्स्ना जैन, विनीता अग्रेस, सीमा मित्तल, अक्षरा जैन सहित सभी का इस धर्म कार्य मे सहयोग रहता है।



## लीनेस क्लब गुना सिटी द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय मुखाबन में सेवा प्रोजेक्ट आयोजित

**गुना।** लीनेस क्लब गुना सिटी द्वारा पुरापोसा हरिपुर में स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय मुखावन में आज सेवा एवं मानवीय संवेदना से परिपूर्ण प्रोजेक्ट का आयोजन किया गया इस अवसर पर विद्यालय के अत्यंत निर्धन एवं जरूरतमंद बच्चों को इन ऊनी वस्त्र, और टोपी का वितरण किया गया जिससे बच्चों के चेहरे पर खुशी की मुस्कान देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की महिला शिक्षिकाओं और बाइयों को स्कार्फ एवं पुरुष शिक्षकों को मफलर भेंट कर उनका सम्मान किया गया, साथ ही शिक्षकों को मोमेंटो प्रदान कर उनके शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया। विद्यालय में अध्यनरत अधिकांश बच्चे आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर वर्ग से है, ऐसे में लीनेस क्लब का यह प्रयास उनके लिए विशेष सहारा बना। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रमों का समायोजन व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन




राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में सोमवार को सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। इसके पश्चात ''रन फॉर स्वदेशी'' रैली तहसील प्रांगण से प्रारम्भकर आरोन नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए महाविद्यालय तक निकाली गई। जिसमेंएन.एस.एस. के स्वयं सेवकों सहित महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं एवं स्टाफ नेभागीदारी की। इसके बाद मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री नितिन अग्रवाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग प्रचारक गुना रहे। कार्यक्रम के शुभारम्भ में मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य प्रो ए. के. मुदगल द्वारा महाविद्यालय में नवनिर्मित स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र का अनावरण किया। इसके पश्चात महाविद्यालय में लगाई गई स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन चक्र एवं उनके विचारों की प्रदर्शनी का अवलोकन कर माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानन्द जी की पूजन एवं माल्यार्पण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम संचालक एनएसएसएस कार्यक्रम अधिकारी पूजा शर्मा द्वारा विगम 07 दिवसीय कार्यक्रमों की जानकारी दी गई इसके बाद प्राचार्य द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया एवं स्वागत भाषण देते हुए स्वामीजी के विचारों से छात्रध्छात्राओं को आध्यात्म एवं प्रकृति से जुड़कर मानसिक विकारों से दूर रहने की प्रेरणा दी गई। तत्पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। छात्र हर्ष रघुवंशी द्वारा देशभक्ति गीत का गायन किया गया। स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी मीना गुप्ता द्वारा विवेकानन्द जी के जीवन पर आधारित प्रेरणादायी बिन्दुओं से छात्र छात्राओं को अवगत कराया गया। युवा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा प्राप्ति विश्वकर्मा तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र कान्हा सिंह सेन का भाषण हुआ। इसके बाद शॉटफिल्म प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र विकास धाकड़ की फिल्म का प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक महाविद्या उपाध्याय द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी के अद्वैत सिद्धांत के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नितिन अग्रवाल द्वारा महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को स्वामी विवेकानंद जी की तार्किक क्षमता सकारात्मकता साथ ही साथ इतिहास धर्म और संस्कृति से अवगत होने का आवाहन किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय की छात्रा खुशी भार्गव की मधुर वाणी के साथ.साथ समस्त श्रोतागणों द्वारा राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन किया गया। राष्ट्रीय युवा दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ वी. एस. मीना द्वारा सफल आयोजन हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. शीमा कुरैशी डॉ. अलीम मियां, डॉ कौसर जहां, डॉ लाखन सिंह, डॉ स्मिता शर्मा, डॉ सोनल दीक्षित, डॉ अलका सिंह, सतीश मस्तकार, प्रदीप जाटव, रामकुमार भार्गव, विनीत राव एवं समस्त कालेज परिवार सहित एनएसएस स्वयं सेवकों की भूमिका रही।

# बाल्मीकि समाज की बेटी को न्याय दिलाने राघौगढ़ में राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राघौगढ़

अखिल भारतीय बाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र बीलरवान के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। दरअसल अशोकनगर जिले में 29 दिसंबर को 11 वर्षीय सुमन बाल्मीकि के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर शव कुएं में फेंक देने की जघन्य घटना को लेकर बाल्मीकि समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। मृतका के माता-पिता द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बावजूद परिवार को न्याय नहीं मिला, बल्कि आरोप है कि पुलिस द्वारा मृतका के पिता विजय वाल्मीकि के साथ थाने में मारपीट कर केस न करने की धमकी दी गई। इस गंभीर मामले में उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच, दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई तथा आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग को लेकर राघौगढ़ में एसडीएम की अनुपस्थिति के कारण यह ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। ज्ञापन में बाल्मीकि समाज की बेटी के साथ हुई घटना को अत्यंत निंदनीय बताते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई, संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल निलंबित कर निष्पक्ष जांच कराने, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता एवं सरकारी नौकरी देने की मांग की गई। इससे पूर्व अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र बीलरवान, समाजसेवी रंजीत धौलपुरिया, धर्मवीर पवार, अनिल पटोरिया, मुन्नालाल करेडे, केसर सिंह बीलरवान, गंगा विशन नहरिया, अशोक चिंडारिया ने अशोकनगर पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की तथा उनके हाल-चाल जाने। साथ ही इस विषय को लेकर अशोकनगर विधायक इंजीनियर हरी बाबू राय, पुलिस अधीक्षक एवं नगर पालिका सीएमओ से चर्चा कर पीड़ित परिवारों को न्याय एवं सहायता दिलाने की मांग रखी गई।राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र बीलरवान ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय नहीं मिला तो वाल्मीकि समाज अशोकनगर सहित पूरे क्षेत्र में चक्का जाम एवं व्यापक आंदोलन करेगा।



# श्रीमद् भागवत कथा की रुपरेखा को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

नगर में आगामी 16 जनवरी से राधा माधव सेवा समिति, आरोन के तत्वावधान में आयोजित होने जा रही श्रीमद् भागवत कथा के संबंध में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। यह प्रेस वार्ता कथा स्थल श्री राम मैरिज गार्डन, लक्ष्मी टॉकीजआरोन में संपन्न हुई, जिसमें नगर के अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया गया कि सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का वाचन पंडित रामदयाल शास्त्री द्वारा किया जाएगा। कथा के माध्यम से श्रद्धालुजन भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं एवं भागवत के दिव्य प्रसंगों का श्रवण कर सकेंगे।श्रीमद् भागवत कथा का वाचन16 जनवरी से 22 जनवरी तक दोपहर 2 बजे से 5बजे तक किया जावेगाइस अवसर पर कथावाचक पंडित रामदयाल शास्त्री ने बताया कि कथा के सातों दिनों के दौरान किसी भी दिन श्रद्धालुओं को सिद्ध किए हुए श्री यंत्र एवं रुद्राक्ष का वितरण भी किया जाएगा। प्रेस वार्ता में राधा माधव सेवा समिति के सदस्य उपस्थित रहे तथा सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कथा में शामिल होने का आग्रह समिति द्वारा किया गया।



# डीपीएस एनएफएल विजयपुर में पूर्व छात्रा नायब तहसीलदार रेणु कांसलीवाल का प्रेरक संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राघौगढ़






पब्लिक स्कूल, एन.एफ.एल. विजयपुर में 10 जनवरीको "हमारी जड़ें यहाँ, हमारे पंख हर जगह" विषय पर एक प्रेरणादायी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की पूर्व छात्रा एवं राघोगढ़ तहसील की नायब तहसीलदार रेणु कांसलीवाल का विद्यार्थियों के साथ पारस्परिक विचार-विमर्श हेतु पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

अपने प्रेरक उद्बोधन में सुश्री रेणु कांसलीवाल ने डीपीएस विजयपुर में बिताए अपने विद्यार्थी जीवन की मधुर स्मृतियाँ साझा कीं। उन्होंने अपनी संघर्षपूर्ण एवं प्रेरणादायक सफलता यात्रा का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पण, अनुशासन एवं निरंतर परिश्रम के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण, आत्मविश्वास एवं सतत प्रयास ही सफलता की सच्ची कुंजी हैं।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर उन्होंने अत्यंत सरल, सहज एवं प्रेरणादायक शैली में दिए, जिससे छात्र-छात्राएँ अत्यधिक उत्साहित एवं प्रेरित दिखाई दिए।

कार्यक्रम की विषयवस्तु "हमारी जड़ें यहाँ, हमारे पंख हर जगह" उनके विचारों में सजीव रूप से परिलक्षित हुई, जब उन्होंने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने एवं उन्हें साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी।इस अवसर पर फर्टिलाइजर्स एजुकेशन सोसायटी के सचिव विक्रम रावत की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने अपने संबोधन में रेणु कांसलीवाल का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया तथा ऐसे प्रेरक आयोजनों की निरंतरता पर बल दिया।

# भीकली ग्राम में श्रीमद् भगवद्गीता स्वाध्याय की साप्ताहिक शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



स्वाध्याय अंतर्गत गीता के चैदहवे अध्याय गुण त्रयविभाग का स्वाध्याय किया गया, जिसमें श्रीकृष्ण भगवान अर्जुन से कहते हैं कि ज्ञानों में भी अति उत्तम उस परम ज्ञान को मैं फिर कहूंगा जिसको जानकर सब मुनिजन इस संसार से मुक्त होकर परम सिद्धि को प्राप्त हो गए हैं।

आगे वे कहते हैं हे अर्जुन! मेरी महत ब्रह्मरूप मूल प्रकृति संपूर्ण भूतों की योनि है और मैं उस योनि में चेतन समुदायरूप गर्भ को स्थापन करता हूं। आगे वे प्रकृति के तीन गुणों सत्त्व, रज और तम की विस्तृत व्याख्या करते हैं कि ये गुण कैसे कार्य करते हैं, जीव को बांधते कैसे हैं, और मृत्यु के समय व्यक्ति की स्थिति के अनुसार उसे विभिन्न लोकों या योनियों में कैसे ले जाते हैं, इस पर प्रकाश डालते हैं, जिससे अंततः व्यक्ति को इन गुणों से परे जाकर परम मुक्ति प्राप्त करने का मार्ग दिखाया जाता है।

**मुख्य अवधारणाएं हैं**

तीन गुण (सत्त्व, रज, तम) ये प्रकृति से उत्पन्न होते हैं और सभी प्राणियों को प्रभावित करते हैं।सत्त्व गुण शुद्ध, प्रकाशमान, सुख और ज्ञान की ओर ले जाने वाला है और राजस कर्म, लोभ, बेचैनी और तृष्णा उत्पन्न करने वाला है तथा तमगुण अज्ञान, जड़ता, प्रमाद, मोह और आलस्य उत्पन्न करने वाला है। इन गुणों का प्रभाव इस प्रकार है किसत्त्वगुण सुख में बांधता है, रजोगुण सकाम कर्मों में, और तमोगुण ज्ञान को ढककर भ्रम में रखता है। जब व्यक्ति की मृत्यु के समय जिस गुण की प्रधानता होती है, वह उसी के अनुसार फल प्राप्त करता है। सत्त्व में मृत्यु होने पर उत्तम लोकों (स्वर्ग) में, रज में मृत्यु होने पर मनुष्य लोक में तथा तम में मृत्यु होने पर नीच योनियों (पशु, कीट) या नरकों में जाना पड़ता है।



## अभिभाषक संघ द्वारा शोकसभा का आयोजन किया गया

**अशोकनगर।** अभिभाषक संघ अशोकनगर के द्वारा शोकसभा का आयोजन 13 जनवरी को वरिष्ठ अभिभाषक आसाराम पाराशर के दुखद निधन होने से किया गया। शोक सभा का आयोजन अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू एडवोकेट की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें अभिभाषक संघ के सचिव रामनिवास शर्मा द्वारा शोक सभा के प्रस्ताव को पढ़कर सुनाया गया। जिसके बाद सभी उपस्थित अभिभाषक जन ने 2 मिनट का मौन धारण कर चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की गई। शोक सभा में अभिभाषक संघ अशोकनगर के उपस्थित अधिवक्ता जनों द्वारा पुष्पांजलि कर शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में दुख सहन करने शक्ति प्रदान करने की एवं दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान देने कि भगवान से प्रार्थना की। इस मौके पर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू एडवोकेट, उपाध्यक्ष रामवीर सिंह रघुवंशी एडवोकेट ,सचिव रामनिवास शर्मा एडवोकेट, कोषाध्यक्ष राहुल मिश्रा एडवोकेट, समस्त कार्यकारणी सदस्यगण, दुर्गेश जाटव एडवोकेट मीडिया प्रभारी अभिभाषक संघ अशोकनगर,अभिभाषक संघ के समस्त सदस्यगण मौजूद रहे।

# टीम ने शाढौरा का किया निरीक्षण

## गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं हेतु दिए गए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाडोरा में कायाकल्प योजना के अंतर्गत कायाकल्प टीम द्वारा निरीक्षण (विजिट) किया गया। इस अवसर पर गुना जिला अस्पताल से संजना अगस्टिन एवं निखिल सिंह द्वारा स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान बीएमओ डॉ. जयकृत सिंह राजपूत के साथ नर्सिंग स्टाफ नेहा अहिरवार, रजनी मुस्कुले, ज्योति राजावत, सपना कश्यप, डीक्यूए नागेंद्र रघुवंशी, डाटा एंट्री ऑपरेटर अमन नामदेव, अवधेश कुमार, जे.के. मंथन, मोहन राठौर सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

कायाकल्प टीम द्वारा सर्वप्रथम प्रयोगशाला (लेब) का निरीक्षण किया गया, जहाँ आवश्यक सुधारों के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। इसके उपरांत टीम ने अस्पताल के सभी प्रमुख विभागोंकृओपीडी, आईपीडी, सिस्टर ड्यूटी रूम, एएनसी एवं पीएनसी वार्ड, लेबर रूम, प्रसव पूर्व कक्ष, एक्स-रे कक्ष, टीकाकरण कक्ष, दवा भंडार कक्ष, बीपीएमयू कार्यालय सहित अन्य विभागों का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, रिकॉर्ड संधारण, मरीज सुविधाओं एवं सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए गए। विशेष रूप से लेबर रूम की सेवाओं को अधिक सुदृढ़, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कायाकल्प टीम द्वारा अवगत कराया गया कि एक माह उपरांत चेकलिस्ट के अनुसार फाइनल असेसमेंट किया जाएगा, जिसके लिए स्वास्थ्य केंद्र को सभी आवश्यक तैयारियाँ समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बीएमओ डॉ. जयकृत सिंह राजपूत ने टीम को आश्वस्त किया कि दिए गए सभी सुझावों पर शीघ्र अमल करते हुए सीएचसी सढौरा को कायाकल्प के मानकों के अनुरूप उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र बनाया जाएगा।

## खिलाड़ियों ने दिखाए अपना दमखम

**मुंगावली।** खेल स्टेडियम पिपरई रोड पर खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत मंगलवार को मुंगावली ब्लॉक में कबड्डी, खो खो, फुटबॉल, सतोलिया, रास्सा खींच लेदर बॉल क्रिकेट खेलों का आयोजन किया गया जिसमें खिलाड़ियों का चयन उनके खेल के आधार पर किया गया। बता दे कि मध्यप्रदेश शासन के अनुसार पहले ब्लॉक फिर जिला एवं संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं खेल एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत की जा रही है जिसमें खिलाड़ियों को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है स खिलाड़ियों ने आज विभिन्न प्रकार के खेलों में अपना दम खम दिखाई एवं अपना चयन अलग अलग तरीके की प्रतियोगिता के लिए कराया है प्रतियोगिताओं को करने में विशेष रूप से खेल समन्वयक रेनू ओझा, ऋषि तिवारी, विनोद पाल, बृजेंद्र अहिरवार, खेल प्रशिक्षक जावेद खान, शिक्षिका नविता जैन शिवानी उपाध्याय आसिफ खान फरहान खान का विशेष सहयोग रहा।

# जनसुनवाई में 202 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, कलेक्टर ने किया निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जन सुनवाई के कार्यक्रम में शहर से लेकर गांव तक के 202 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिन्हे कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा समक्ष में सुना गया और समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में ग्राम वायगा निवासी कृष्णभान सिंह यादव द्वारा बंटाकन एवं नक्श दुरूस्तिकरण कराए जाने, मुंगावली निवासी सीमाबाई द्वारा आवासी पट्टा दिलाए जाने, ग्राम खडीचरा निवासी श्यामबाई अहिरवार द्वारा वृद्धावस्था पेशन दिलाए जाने,ग्राम जमाखेडी निवासी सहेन्द्र लोधी द्वारा संबल कार्ड योजना की राशि दिलाए जाने,ग्राम बरौदिया निवासी संतराम सिंह द्वारा शासकीय भूमि पर से अतिक्रमण हटाए जाने, ईसागढ़ निवासी दीपक कुमार लोधी द्वारा बंटाकन निरस्त कराए जाने,ग्राम खैजरा तास निवासी पवन प्रजापति द्वारा राशन पर्ची बनवाए जाने,ग्राम चिरौली निवासी रामकुमार रघुवंशी द्वारा भूमि में नाम परिवर्तन कराए जाने,ग्राम नगऊखेड़ी निवासी लालाराम सिंह द्वारा आधार कार्ड में नाम सुधरवाए जाने,ग्राम बीलाखेड़ी निवासी जहारसिंह द्वारा बीपीएल सूची में नाम जोडे जाने, ग्राम रूसल्ला निवासी हरगा अहिरवार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेशन स्वीकृत कराए जाने,ग्राम सिरसी नई निवासी दयाशंकर शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री आवास की किस्त दिलाए जाने,ईसागढ़ निवासी सीमा यादव द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराए जाने संबंधी समस्या मूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए।




## लीनेस क्लब ने ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों का वितरण किया

**अशोकनगर।** लीनेस क्लब द्वारा टोरिया जाकर बच्चों को कडकड़ाती ठंड से बचने के लिए गर्म वस्त्रो का वितरण किया गया। क्लब की अध्यक्ष अलका अग्रवाल के द्वारा 30 जोड़ी गर्म कपड़ों का वितरण किया गया।
निर्धन बच्चों को ऊनी कपड़े ठंड से बचने के लिए और उसके साथ में पुरुष महिलाएं सभी को वस्त्रो का वितरण साथ में बिस्कुट चॉकलेट, फल, लड्डू का भी वितरण किया गया। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट सीमा अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, डॉ रजनी शुक्ला क्लब के सचिव रश्मि अग्रवाल जयपुरी,अंजना दुबे, राशि गुप्ता कुसुम गुप्ता, गीता बंसल,कुसुम अरोड़ा, कोषाध्यक्ष दीपा रघुवंशी प्रियंका अग्रवाल,रश्मि जैन, टीना गुप्ता, प्रीति बंसल हेमा डाबर, गुंजन जैन उपस्थिति रही।

# हौंसलों की उड़ान अन्तर्गत लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



राज्य शासन के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन के मार्गदर्शन में म.प्र.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत अशोकनगर अन्तर्गत नई चेतना अभियान 4.0 के तहत जिला स्तरीय लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य कार्यालय भोपाल द्वारा ''नई चेतना अभियान 4.0 अन्तर्गत हौंसलों की उडान '' अन्तर्गत प्रदाय कार्यक्रम कैलेंडर अनुसार जिले में मंगलवार से 03 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। 13 जनवरी 2026 को जिला पंचायत सभागार में लखपति दीदी संवाद एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मॉ शक्ति सीएलएफ आंवरी, सरस्वती संकुल स्तरीय संगठन तूमैन एवं एकता संकुल स्तरीय संगठन डंगोराफूट से लगभग 150 लखपति सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिला परियोजना प्रबंधक दिनेश कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य में संघर्ष के बाबजूद आत्मनिर्भर बनी समूह सदस्यों की पहचान, लखपति पहल में छूटी समूह सदस्यों को योजना से जोडना,जेण्डर आधारित हिंसा से प्रभावित व एकल महिलाओं को आजीविका में प्राथमिकता दिलाना, समाज में जेंडर समानता, जागरूकता एवं महिलाओं की भागीदारी बढाते हुए आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर परिवारों को समाज की मुख्य धारा से जोडना है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के अनेक प्रकरण पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रूसल्ला खुर्द निवासी हर्ष रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी तरूण और हल्के पाल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शंकरपुर निवासी रवि अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अर्जुन और संजय वंशकार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगावार निवासी संध्या आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विजय और संजय आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजपुर निवासी राखी बाई ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति भूरा ओझा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### दहेज प्रताड़ना के दो मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले में दहेज प्रताड़ना के दो मामले चन्देरी थाने में दर्ज किए गए हैं। एक पक्ष की ओर से जुगयाना मोहल्ला निवासी निकिता अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से दहेज की मांग को लेकर कृष्णगोपाल, रामगोपाल, गणेशराम, हरनामबाई अहिरवार ने दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया। इसी प्रकार चन्देरी थाने के ही अंतर्गत भोपाल निवासी मेहविस बानो ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से दहेज की मांग को लेकर आरिफ खान, अफरोज खान ने उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया। जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### रेल पटरियों पर युवक का शव मिला

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत माता मंदिर रेलवे ट्रेक कबीरा सड़क के पास किसी अज्ञात पुरूष का शव रेल पटरियों पर पड़ा हुआ पाया गया। जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### जिले में आनंद उत्सव का आयोजन 14 से होगा

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार जिले में 14 जनवरी से 28 जनवरी 2026 के मध्य आंनद उत्सव 2026 का आयोजन किया गया है। कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जिले में आनंद उत्सव के आयोजन हेतु गतिविधियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार आयोजन कराये जाने के निर्देश दिए है। आनंद उत्सव हेतु पंजीयन राज्य आनंद संस्थान की वेवसाईट पर किया जाना अनिवार्य है।

### डॉक्टर प्रदीप बुनकर पर मामला दर्ज किया

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत 26 सितम्बर 2025 को 7 वर्षीय बालक विशाल आदिवासी की मौत हो गई थी जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था। मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक मनीराम जाटव द्वारा की जा रही थी, उक्त जांच में पाया गया है कि कटरा मोहल्ला शाढ़ौरा निवासी प्रदीप बुनकर द्वारा उक्त बच्चे का इलाज किया जा रहा था व समय पर सही डॉक्टर या सरकारी अस्पताल में इलाज कराए जाने की सलाह न देकर स्वयं के द्वारा इलाज किया व समय पर अच्छे डॉक्टर के पास नहीं भेजा गया। इस लापरवाही के कारण बालक विशाल आदिवासी की मौत हो गई जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### पूर्व सैनिकों को किया जा रहा है परेशान

**अशोकनगर।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय गुना परिसर में 14 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से अशोकनगर जिले के भूतपूर्व सैनिक, सैनिक विधवाओं एवं उनके आश्रितों के साथ बैठक का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम जब जिला अशोकनगर बन गया है तब अशोकनगर मुख्यालय पर आयोजन होना चाहिए। जिससे भूतपूर्व सैनिक परेशान न हो सकें। अशोकनगर जिला मुख्यालय के हक

## इस बार मुरैना के लड्डू अशोकनगर में बिकते देखे गए

# मकर संक्रांति के पर्व को लेकर शहर के गांधी चौक पर लड्डूओं की दुकानें सजीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर






मकर सक्रांति का पर्व वुधवार को मनाया जाएगा, इस पर्व को लेकर सदियों से प्रथा चली आ रही है कि सूर्य को अर्ग देने के बाद स्नान करने के लिए अनेक लोग नदियो के किनारे पहुंचते हैं और राजगिर,तिल से बने हुए लडडूओं का उपयोग करते हैं। शहर के गांधी चैक पर जो लडडूओं की दुकाने लगी हैं उनमें अभी तक तो स्थानीय दुकानदार ही माल बनाकर बेचते थे लेकिन इस बार स्थानीय के स्थान पर मुरैना से आए लडडूओं की भरमार है। जिस दुकान को देखो उसी दुकान पर मुरैना के लडडू बिक रहे हैं यह लडडू कितने शुद्ध हैं इसका कोई पता नहीं है लेकिन इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि अशोकनगर में बनाए जाने वाले लडडूओं के भाव 250 रूपए किलो हैं तो मुरैना से आए लडडू 120 रूपए किलो बिक रहे हैं, आखिर ऐसा क्या है कि बाहर के लडडू सस्ते हैं और अशोकनगर के लडडू महंगे हैं। माल वही है लेकिन भाव अलग हैं।



### बाजार में बिक रहे लडडूओं की जांच की मांग

मुरैना से आने वाला मावा और घी इस इलाके में नकली के तौर पर जाना जाता है, नकली मावा, नकली घी का यहां बड़े पैमाने पर कारोबार मुरैना से मंगाकर किया जाता है। अब मकर सक्रांति के त्यौहार पर मुरैना के लडडूओं का भी कब्जा हो गया है। इन लडडूओं को देखकर लगता है कि इन्हें कईं दिनों से लगातार बनाया जा रहा है और बड़े पैमाने पर इन्हे बनाया जाकर पूरे इलाकों में सप्लाई किया जा रहा है। इन लडडूओं के साथ आपको फुली, मुरमुरा,चावल,सूजी से बने हुए लडडू भी मिल जाएगें, यह भी सब मुरैना से ही आकर बिक रहे हैं। वैसे तो अशोकनगर शहर के अधिकांश परिवार बाजार से खुल्ला सामान खरीदकर घरों पर ही लडडू बनाते हैं लेकिन जब से नौकरी पेशा वाले परिवार आ गए हैं और बाजार की जबसे आनलाईन खाना मंगाने की प्रथा चली है तब से बना हुआ सामान खरीदने का प्रचलन चल पड़ा है, कईं छोटे तपके के लोग भी जितनी जरूरत है उतने लडडू खरीद कर ले जा रहे हैं। शहर के गांधी चैक पर लगभग 50 से अधिक दुकानें लगीं हैं, जिन पर लडडू देखे जा सकते हैं।

### त्रिवेणी की पवित्रता की मांग

तूमैन की त्रिवेणी नदी को पवित्र नदी माना जाता है यहां 3 अलग अलग स्थानों से ग्रामीण अंचलों में बहने वाली नदियां आकर मिलती हैं इस कारण इस त्रिवेणी नदी का जल धार्मिक कार्यों के साथ अन्य विशेष कार्यों में भी किया जाता है लेकिन कुछ समय से देखने में आ रहा है कि नदी के किनारे सफाई की कमी है और गंदगी की भरमार है जिससे नदी का जल भी अशुद्ध हो रहा है। कईं परिवार जिनके यहां कोई मृत हो जाता है वह अंतिम संस्कार के लिए भी इसी नदी पर आने लगे हैं यही बैठकर मुंडन कराया जाता है जिसके बाद बालों को यही पर छोडकर चले जाते हैं जिससे नदी के पानी में गंदगी पनप रही है। वुधवार को यहां नदी के किनारे मेला लगना हे अनेक लोग त्रिवेणी नदी के जल में डुबकी लेते हुए मकर संक्रांति का पर्व मनाएंगे। इसी नदी के किनारे पंचायत स्तर का एक मेला भी लगता है जिसमें तमाम प्रकार की दुकानें लेकर दुकानदार पहुंचते हैं। शहर में मकर सक्रांति के मौके पर अनेक परिवारों द्वारा घरों पर व्यंजन बनाए जाते हैं जिसके लिए वह बाजार से सामान खरीदने जाते हैं जिसे लेकर मकर सक्रांति के मौके पर किराना दुकानों पर लोगों की भीड़ देखी गईं। कईं जगह चैराहों पर दुकाने लगी नजर आईं।

### खिलौने चलाते हैं बच्चे

मकर सक्रांति के पर्व पर यहां बच्चों के द्वारा खिलोने भी चलाए जाते हैं यहां यह खिलोने लकड़ी से भी बनाए जाते हैं, मिटटी से भी बनाए जाते हैं जिन्हे गडगडिया कहते हैं। जिन्हें बच्चे लडडूओं को रखकर सड़कों पर चलाते हैं। इसी तरह कारटूनों से भी तमाम प्रकार के खिलोने सजाकर तैयार किए जाते हैं। यह भी मकर सक्रांति पर बिकते हुए देखे जाते हैं।

# भरका कुंड मेला की तैयारियों में पुलिस और पंचायत जुटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

कस्वे से मात्र 15 किलो मीटर दूर ग्राम पंचायत गरेंठी जमा खेड़ी के पास भरकेस्वर में मकर संक्रांति पर लगने वाला मेला हर साल की तरह इस बार भी लगेगा।इसको लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। यह तैयारियां पुलिस प्रशासन और पंचायत द्वारा की जा रही हैं।

यह ग्राम पंचायत गरेठी के लंबरदार परिवार के मुखिया राजपाल सोलंकी ने आने जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते रस्ते को ठीक करने के लिए जेसीबी मशीन चलवा के रास्ता ठीक करवाया हे।तो थाना प्रभारी ओम प्रकाश मिश्रा ने भरका स्थल का मुआयना कर सुरक्षा व्यवस्था देखी।ओर लोगों में मेले को लेकर काफी उत्साह देखा गया। खानपान की दुकानों सहित अन्य दुकानों का जाना मंगवार की सुबह से ही रवाना हो गई। मकर संक्रांति पर्व पर श्रद्धालुओं द्वारा आस्था की डुबकी लगाई जाती है और भगवान शंकर को प्रसादी भेंट कर श्रद्धालु बाबा भोले बम्ब से माहौल धर्म मगन करते हैं। दो पहाड़ों के बीचों बीच मे नाग नागिन केवल मकर संक्रांति पर ही दर्शन देने आते हैं और श्रद्धालुओं में दोनों दिन नाग नागिन देवता के दर्शन करने की होड़ लगी रहती है। यहां की विशेषता जहां यह मेला भरता है इस जगह का इतिहास महाभारत काल से जुड़ा हुआ है लोगो के अनुसार पांडवों ने अज्ञातवास यही काटा था।

### ग्राम घुरवार कला में शासकीय भूमि को अतिक्रमण से कराया मुक्त



**अशोकनगर।** एंटी भू-माफिया अभियान के तहत कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ईसागढ़ त्रिलोचन गौड़ के मार्गदर्शन में मंगलवार को तहसील नईसराय अंतर्गत तहसीलदार मयंक तिवारी, राजस्व निरीक्षक सुरेन्द्र यादव एवं राजस्व दल द्वारा ग्राम घुरवारकला के शासकीय हाई स्कूल के शासकीय सर्वे क्रमांक 325/2/1/1 रकवा 0.832 हेक्टयर पर समरथ पुत्र बादल जाति यादव, रघुवीर पुत्र जगन्नाथ जाति यादव, बुंदेलसिंह पुत्र लालसाहब जाति यादव एवं संजीव पुत्र कल्ला जाति मेहतर द्वारा मकान, बाउण्ड्री वाल एवं तारफेसिंग लगाकर किये गये अवैध अतिक्रमण को राजस्व दल, पंचायत विभाग द्वारा पुलिस बल के सहयोग से अतिक्रमण हटाया गया। उक्त हाई स्कूल की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। जिसका बाजारू मुल्य लगभग 20 लाख रूपये है। उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर प्राचार्य हाई स्कूल घुरवारकलां के सुपुर्द किया गया। 13 जनवरी फोटो न.15 स्कूल की भूमि से अतिक्रमण हटाया गया।

# अशोकनगर पॉलिटेक्निक कॉलेज में कैंपस सिलेक्शन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शासकीय पॉलिटेकनिक महाविद्यालय अशोकनगर में इस बार भी अंतिम वर्ष में पढ़ रहे छात्रों के लिए नेशनल एवं मल्टीनेशनल कंपनियों में बड़े जॉव मिलना आरम्भ हो गए हैं। मल्टीनेशनल कंपनी अदानी ग्रुप लिमिटेड के मालनपुर ग्वालियर प्लांट द्वारा दिनांक 12 जनवरी को कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से मैकेनिकल ब्रांच के 09 छात्रों को चयनित किया गया।

इस कैंपस ड्राइव में संस्था के मैकेनिकल ब्रांच के 2026 बैच के छात्रों को कैंपस में साक्षात्कार का मौका मिला। यह प्लांट इजराइल शासन के संयुक्त तत्वावधान से थल सेना के लिए स्माल वेपन्स का निर्माण करती है। इस कैंपस ड्राइव में अशोकनगर कॉलेज के 14 छात्रों सहित राघोगढ़, लटेरी, सिरोंज, राजगढ़, सम्राट अशोक इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी विदिशा के कुल 48 छात्र सम्मिलित हुए थे, चयन प्रक्रिया के दो चक्रों के बाद कुल 9 को चयनित किया गया। उक्त छात्रों को आकर्षक वार्षिक पैकेज के अतिरिक्त हॉस्टल, परिवहन, भोजन, यूनिफार्म इत्यादि समस्त सुविधाएँ कम्पनी द्वारा निशुल्क दी जाएगी। आगामी फरवरी और मार्च माह में



पॉलिटेकनिक महाविद्यालय अशोकनगर में मारुती सुजुकी गुजरात और अडेको लिमिटेड गोवा, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स बंगलौर के कैंपस ड्राइव्स होने जा रहे हैं। इस प्रकार डिप्लोमा पूर्ण होने से पहले ही औसतन प्रत्येक छात्र का चयन 3 अच्छी कम्पनियों में होने की सम्भावना है। कैंपस ड्राइव का संपादन कॉलेज के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी मनीष वैद्य ने किया, जिसमे प्लेसमेंट सेल के सदस्य सचिन शर्मा, आशु गुरहा, अंकुर सोनी, योगेश तिवारी, अंकित साहू ने सहयोग प्रदान किया। प्राचार्य डॉक्टर बीके गुप्ता ने छात्रों को उनके अंतिम वर्ष में ही चयनित होकर नौकरी प्राप्त कर लेने पर छात्रों को बधाई दी साथ ही उन्हें अपने उद्बोधन में बताया कि इंजीनियरिंग डिप्लोमा करने वाले छात्रों के पास अवसरों की कमी नहीं है।



### रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा वृद्धजनों के साथ मनाया मकर संक्रांति का उत्सव।

**अशोकनगर।** मानव सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने वाली समाज सेवी संस्था भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा मकर संक्रांति के पावन अवसर पर मंगलवार को त्रिलोकपुरी कॉलोनी स्थित वृद्ध आश्रम अपना घर परिवार जाकर वृद्ध जनों के साथ मकर संक्रांति उत्सव मनाया गया। इस दौरान सोसाइटी के सदस्यों ने वृद्ध जनों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े, मिठाई, लड्डू राम धुन के साथ वितरण किए। इस दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ जयमंडल सिंह यादव, सचिव संजय रघुवंशी, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ दीपक मिश्रा, डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी, डॉ राजकुमार शर्मा, देवेंद्र अग्रवाल, अशोक रघुवंशी, विनोद शर्मा, एवं अरविंद भंडारी उपस्थित थे।

# अमृत सेवा सप्ताह के अंतर्गत वृद्धाश्रम अपना घर पहुंचकर मनाया मकर सक्रांति का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष जैन रत्न स्व. प्रदीप कुमार सिंह कासलीवाल की जन्म जयंती के अवसर पर दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप शाश्वत अशोकनगर के दंपत्ति सदस्यों ने मंगलवार को स्थानीय वृद्धाश्रम अपना घर पहुंचकर सेवा कार्य किया। साथ ही बुजुर्गो की सेवा कर आत्मीयता का एवं सामाजिक सरोकार का भी संदेश दिया, इसके साथ ही मकर सक्रांति पर्व की खुशियां साझा की।

वृद्धाश्रम अपना घर के संचालक कालीचरण ने सेवा के इस कार्य में सभी सदस्यों की मदद की, ग्रुप के सदस्यों ने वृद्धजनों के साथ समय बिताया। उन्हें लड्डु व मिठाईयां वितरित की गई, साथ ही भोजन करा कर उनके साथ हर्षोल्लास से मकर सक्रांति पर्व मनाया।




इस दौरान ग्रुप अध्यक्ष राजीव जैन ठेकेदार ने कहा कि इन बुजुर्गो के साथ समय बिताकर और उनके चेहरे पर मुस्कान लाकर हमारे ग्रुप के सभी सदस्यों को आत्मीय सुख की अनुभूति हुईं यह सेवा कार्य हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। शाश्वत ग्रुप महिला बिंग की सचिव नेहा जैन एलआईसी ने कहा कि ग्रुप का उद्देश्य केवल यहां आकर पर्व मनाना या भोजन कराना ही नहीं बल्कि वृद्धजनों खासकर बुजुर्ग माताओं के जीवन में खुशियों के क्षणों को जोड़ना है। इस कार्य में उपस्थित दंपत्ति सदस्यों में राजीव मनीषा जैन ठेकेदार, गौरव नेहा जैन, नीरज प्रियंका बंसल, प्रभात कविता जैन एमजीएम, मोनेश सुचिता जैन, नीरज विधि जैन, पवन नीलम जैन, मोनू वर्षा जैन, नीरज नेहा जैन कांसल, महावीर मेघा जैन, मनीष नीतम जैन पी.ओ साथ ही एकल सदस्यों में राकेश जैन, अरविंद जैन पत्रिका, डॉ दीपक जैन,अजयकांत जैन, अतुल बंसल, शैलेश जैन जोली, आदित्य जैन, सुधीर जैन आयरन, सौरभ सिंघई आदि सदस्य उपस्थित रहें।

# अस्पताल कैंपस में नेकी की दीवार का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा

सर्दियों के इस कड़क मौसम में गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोग गर्म कपड़ों के अभाव में परेशान न हों, इस उद्देश्य से शहर के युवा समाजसेवियों ने एक सराहनीय पहल की है। श्रीराम जन सेवा संगठन के गठन के साथ ही आज अस्पताल के कैंपस में नेकी की दीवार का शुभारंभ किया गया। इस दीवार के माध्यम से लोग



अपने घरों में पड़े अनुपयोगी लेकिन अच्छी हालत वाले गर्म कपड़े दान कर सकेंगे, जो जरूरतमंदों तक पहुंचाए जाएंगे। संगठन के संयोजक डॉ. नितिन रघुवंशी ने बताया कि कई जैकेट, कम्बल आदि बेकार पड़े रहते हैं और समय के साथ खराब हो जाते हैं। इनका सही उपयोग सही व्यक्ति तक पहुंचे, इसी मकसद से नेकी की दीवार की शुरुआत की गई है। डॉ. रघुवंशी ने कहा, यह सिर्फ कपड़ों का दान नहीं, बल्कि मानवता और संवेदना का एक माध्यम है। हमारा प्रयास है कि सर्दी में कोई भी व्यक्ति ठिठुरता न दिखे। इस पहल में सीएचसी प्रभारी डॉ. जयकृत सिंह राजपूत का विशेष सहयोग मिला है।

### स्मार्ट मीटर और बढते बिजली बिलों के विरोध में कांग्रेस कमेटी शाढौरा ने ज्ञापन सौंपा



**शाढ़ौरा।** मंगलवार को स्मार्ट मीटर और बढते बिजली बिलों के बिरोध में कांग्रेस कमेटी शाढौरा में सभी कांग्रेसजनों ने ब्लॉक अध्यक्ष सोनू रघुवंशी के नेतृत्व में स्मार्ट मीटर के बिरोध में ज्ञापन सौंपकर विरोध जताया है और कहा है कि यदि मांगे पूरी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन के दौरान हरबीर सिंह रघुवंशी, राजकुमार सिंह मथनेर, रबि मोहने, निखिल रघुवंशी, शिव प्रताप सिंह रघुवंशी, इदरीस पटेल, शिबराज रघुवंशी करखया,युवा नेता अखिलेश रघुवंशी, वरुण परिहार, रानू जैन, अभिजीत रघुवंशी एनएसयूआई जिला अध्यक्ष, अभिषेक रघुवंशी युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, संतोष रघुवंशी,मोहन रघुवंशी, चिमन अहिरवार, सोनू सेजी, आसिफ, राशिद मिर्जा,राजकुमार रजक, हेमंत साहू, सौरव साहू, सुमित रघुवंशी,अंकित साहू, धरमेंदर अहिरवार कुलदीप रघुवंशी छैन्ट ब्लॉक अध्यक्ष,अरपित, गजराज सिंह, प्रकाश वंशकार, चांदू सहित अनेकों कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर बिरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया।

# पिपरई में करंट लगने से हुई घटना के बाद, परिवारजनों ने



**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय से 32 किलोमीटर दूर पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम आरोली निवासी सतीश पुत्र शिवराज सिंह यादव उम्र 30 साल की खेत में पानी देते समय तार फैंसिंग में करंट आने से मौत हो गई थी। उक्त घटना को लेकर मृतक के परिवार जन सतीश यादव को अशोकनगर जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाए थे लेकिन यहां भी डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था, जिसका पोस्टमार्टम अशोकनगर में किया गया। उक्त घटना को लेकर मृतक के परिजनों का आरोप है कि उसकी हत्या की गई है जिसे लेकर उन्होंने एसपी से मुलाकात की। घटना के बारे में मृतक के भाई शिवम यादव का कहना है कि मृतक को तार फेंसिंग के तार से खीचा गया उसके पेट पर घाव भी हैं। शिवम यादव ने बताया कि उनकी पिपरई में मुलाकात शिवम पुत्र सुनील जैन निवासी वार्ड नम्बर 6 से हुई थी। शिवम जैन सतीश को कुए से मोटर निकालने के बहाने अपने साथ ले गया था। शिवम खाद लेकर घर वापिस लौट आया था। कुछ देर बताया गया कि सतीश को बिजली का करंट लग गया है, जब परिजन पिपरई के सरकारी अस्पताल पहुंचे तब वह मृत अवस्था में था, और उसके जूते,कपड़े और मोबाइल गायब थे। परिवारजनों का कहना है कि उक्त मामले में कार्यवाही की जाए इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर जांच की मांग की गई है।

# स्थानातंरण पर विदाई समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति में शैलेन्द्र शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चंदेरी, का पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश द्वारा जारी आदेश के अनुक्रम में स्थानांतरण अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), घाटीगांव, जिला के पद पर होने के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में जिले एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

विदाई समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा शैलेन्द्र शर्मा को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह उपहार स्वरूप भेंट किया गया। साथ ही उनके द्वारा अनुविभाग



चंदेरी में एसडीओपी पद पर रहते हुए किए गए सराहनीय कार्यों की प्रशंसा करते हुए नवीन पदस्थापना पर उत्कृष्ट कार्य करने हेतु शुभकामनाएं दी गई तथा उनके उज्वल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। शैलेन्द्र शर्मा एसडीओपी चंदेरी के पद पर 14.08.2023 से पदस्थ रहकर अपने कार्यकाल के दौरान शैलेन्द्र शर्मा द्वारा अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा, कर्तव्यपरायणता एवं दक्षता के साथ निर्वहन किया गया। उनके कार्यकाल में अनुविभाग चंदेरी में कानून व्यवस्था सुदृढ़ रही तथा अपराध नियंत्रण एवं जनहित से संबंधित कार्य प्रभावी रूप से संपादित किए गए। अपने कार्यकाल के दौरान शैलेन्द्र शर्मा द्वारा कई महत्वपूर्ण दायित्वों का सफल निर्वहन किया गया, जिनमें विशेष रूप से थाना ईसागढ़ अंतर्गत आनंदपुर ट्रस्ट में प्रधानमंत्री के भ्रमण के दौरान व्हीआईपी ड्यूटी में उत्कृष्ट कार्य एवं अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में किए गए प्रयास उल्लेखनीय रहे। उक्त कार्यक्रम में जिले भर के पुलिस अधिकारी शामिल हुए।

# हर कार्य की सिद्धि के लिए नियम संयम से चलना होगाः मुनिश्री



**अशोकनगर।** हर कार्य की सिद्धि के लिए कार्य की उपलब्धि के लिए नियम संयम बहुत जरूरी है इस संसारी प्राणी को उलझनें भी अच्छी लगने लगती हैं उलझनो में भी वह आनंद मानने लगता है जब आपको उलझन ही अच्छी लग रही है तो आप उनसे कैसे छुटकारा पा सकते हैं छुटकारा पाने के लिए तो पुरुषार्थ करना जरूरी है। यह बात मुनिश्री मेघदत्तसागर जी महाराज ने कही उन्होंने कहा कि नियम का पालन करके मजबूत बनता है हमें मजबूर नहीं होना है नियम तो गन्ना की तरह है उसको कैसे भी आप तोड़ो मरोड़ो काटो पीटो तो भी वह रस ही देगा रस भी कड़वा नहीं मीठा ही निकलता है इसलिए हमें गन्ना की तरह वनना है। त्रिकाल चैबीस में होगी कल धर्म सभा के साथ आहार चर्या में मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने वर्षो पूर्व त्रिकाल चौबीस की स्थापना कराकर इसे तीर्थ का दर्जा दिलाया। शान्ति नाथ त्रिकाल चौबीस जिनालय की वंदना करने परम पूज्य मुनिश्री मेघ दत्त सागर मुनिश्री वृषभ दत्त सागर जी के जायेंगे त्रिकाल चैबीस जिनालय में मंगल प्रवचन होंगे साथ ही आहार चर्या भी होगी दोपहर की कक्षा एवं जिज्ञासा समाधान का कार्य क्रम श्री अधिश्वरधाम सुभाष गंज मन्दिर में ही होगा।

पर्दाफाश: वाहन किराए पर लगाने का झांसा देकर करते थे वारदात

# धोखाधड़ी से ट्रक, डंपर लेकर कबाड़ में बेचने वाला गिरोह पुलिस ने दबोचा

## मुख्य सरगना सहित छह आरोपी गिरफ्तार, 10 लाख नकदी सहित अन्य माल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

चार पहिया वाहन मालिकों को गुमराह कर ट्रक, डंपर जैसे वाहनों को किराए पर लगाने का झांसा देते हुए बाद में उन वाहनों को कबाड़ में बेचने वाले संगठित अंतराज्जीय गिरोह का जिला पुलिस ने पर्दाफाश किया है। आरोपी लोगों से वाहन लेकर उन्हें महाराष्ट्र के जलगांव में कबाड़ियों के यहां खुर्दबुर्द करवा दिया करते थे। जिले के लीमाचैहान एवं तलेन थानों में इस तरह की दो शिकायत मिलने के बाद जिला पुलिस ने परत दर परत सीढ़ियां चढ़ते हुए आरोपियों तक पहुंच बनाई। इस मामले में मुख्य सरगना सहित 06 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं जिनके कब्जे से करीब 10 लाख 60 हजार रुपए नकद सहित अन्य माल बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने मंगलवार दोपहर स्थानीय कन्ट्रोल रूम में एक प्रेसवार्ता करते हुए पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला।



### पुलिस ऐसे पहुंची आरोपियों तक

एक मामले में लीमाचैहान थाने के तहत बीरम सिंह वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उनके आयसर वाहन को अच्छी दर पर किराए पर लगाने का झांसा दिया गया। आयसर की किश्तें भी जमा करवाने की बात कहते हुए कुछ लोगों ने उनसे वाहन लिया। बाद में न तो वाहन की किश्तें जमा हुईं, न आयसर वाहन मिला और संबंधित व्यक्ति भी फरार हो गए। एक अन्य मामले में तलेन निवासी भगवान सिंह ने को भी झांसे में लेते हुए उनके साथ इसी तरह की धोखाघड़ी हुई। उक्त दोनों मामले में फरियादियों को लालच देते हुए शुरू में कुछ नकद राशि भी दी गई ताकि उन्हें शक न हो। शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण सहित अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसके साथ ही अलग-अलग टीमें बनाकर उन्हें महाराष्ट्र व इंदौर रवाना किया गया। मुखबिरों द्वारा बताए कबाड़ियों के यहां दबिश में उक्त दोनों वाहनों के अलग-अलग पार्टस मिले जिनमें इंजन नंबर, चेचिस नंबर आदि भी पड़ताल कर ली गई।

### ये आरोपी किए गए हैं गिरफ्तार

मामले में पुलिस ने इस गैंग के मुख्य सरगना यासीन पिता मासूम मुल्तानी, निवासी जलगांव (महाराष्ट्र), नईम उर्फ नईम चायना पिता खाजू खान, निवासी हाल मुकाम मुसाखेड़ी इंदौर स्थाई निवास छापीहेड़ा जिला राजगढ़, मनोज पिता यसवंत वैष्णव निवासी शाजापुर, याकुब खान, निवासी जलगांव (महाराष्ट्र), अकरम खान, निवासी जलगांव (महाराष्ट्र) एवं रेहान खान, निवासी जलगांव (महाराष्ट्र) को गिरफ्तार किया है।

### हाईड्रोलिक क्रेन से ले जाते थे वाहन

यह सभी आरोपी वाहन मालिकों को झांसे में लेने के बाद उनका वाहन हाईड्रोलिक क्रेन से जलगांव ले जाते और कबाड़ियों के यहां खुर्दबुर्द करवा दिया करते थे। कुछ आरोपियों पर विभिन्न थानों में कई अपराध दर्ज हैं। पुलिस ने अपराध में उपयोग की जाने वाले हाईड्रोलिक क्रेन को भी जब्त कर लिया है।

### जमीनी विवाद के चलते मामला दर्ज किया

**जीरापुर।** समीपवर्ती ग्राम कवलसीखेड़ा निवासी एक व्यक्ति को चार व्यक्तियों ने मिलकर की मारपीट। सोमवार को कवलसीखेड़ा निवासी संजय पिता कालु गोस्वामी मोटर सायकिल से जीरापुर की ओर आ रहा था चार लोगों ने लाठी ,डंडे से मारपीट की। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय पिता कालू गोस्वामी उम्र 25 वर्ष निवासी कवलसीखेड़ा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि सोमवार की सुबह करीब 11 बजकर 15 पर अपनी मोटरसाइकिल से जीरापुर ट्रैक्टर की किस्त जमा करने आ रहा था तभी रास्ते में जमीनी के पुराने विवाद के चलते गांव के रहने वाले चार लोगों ने गंदी गंदी गालियां देते हुए लाठी , डंडों , फर्सी से हमला कर घायल कर दिया। परिजनों ने तत्काल घायल को सिविल अस्पताल जीरापुर लेकर आयें , जहां प्राथमिक उपचार दौरान बाहर रेफर कर दिया स वहीं पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता कि धारा 126(2) , 296(इ) , 115(2) , 351(3) , 3(5) में मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## आज होगा ध्वजारोहण व मूर्ति का अनावरण

### शिलानाथ धुनों पर संत शिलानाथ बाबा की मूर्ति की भव्य प्राण प्रतिष्ठा, विशाल भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



आज पवित्र मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर नगर के आस्था केंद्र शिलानाथ धुनें पर संत शिलानाथ बाबा की मूर्ति की भव्य प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होने जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी, जिससे सम्पूर्ण क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण निर्मित होगा। इस पावन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें दूरदूदराज से आने वाले श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। आयोजन को सफल बनाने हेतु सर्व हिन्दू उत्सव समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की गई। शिलानाथ समाधि परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा भक्तों की सुविधा हेतु विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। सर्व हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष ध्रुव भल्ला ने नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि संत शिलानाथ बाबा का यह आयोजन क्षेत्र में शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करेगा। यह आयोजन मकर संक्रांति के पावन पर्व को और भी विशेष बना देगा तथा भक्तों को आध्यात्मिक आनंद का अनुभव कराएगा।

## जिस राष्ट्र के युवा मजबूत होते हैं वह कभी कमजोर नहीं होता: नरवरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) राजगढ़ की इकाई ब्यावरा द्वारा 5 किलोमीटर मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का भव्य एवं अनुशासित आयोजन किया गया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में स्वामी विवेकानंद जी के विचारों का प्रचार-प्रसार करना, शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत



'खेलो भारत' संयोजक सन्नी नरवरिया जी उपस्थित रहे साथ ही जिला प्रमुख देवेंद्र विमल विशेष रूप से उपस्थित रहे,प्रांत खेलो भारत संयोजक नरवरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का सपना सशक्त, चरित्रवान और आत्मनिर्भर युवाओं का भारत था, जिसे साकार करने के लिए आज के युवाओं को शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक रूप से सुदृढ़ होना आवश्यक है। खेल एवं अनुशासन इसके प्रमुख माध्यम हैं। 5 किमी मैराथन दौड़ में ब्यावरा नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों युवाओं, विद्यार्थियों एवं खेल प्रेमियों ने उत्साह और जोश के साथ सहभागिता की। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बनता था। परिणामों में शुभम दांगी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

नगर में हुआ भूमिपूजन, निकली धर्म ध्वज कलश यात्रा

## 21 को खुजनेर में होगा हिंदू सम्मेलन नगर में तैयारियां जोरों से जारी



**खुजनेर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर देशभर में आयोजित किए जा रहे हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला में खुजनेर नगर में भी 21 जनवरी को एक विशाल एवं भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा सम्मेलन को लेकर नगर में तैयारियां तेज हो गई हैं और धार्मिक व सामाजिक गतिविधियों का सिलसिला प्रारंभ हो चुका है। मंगलवार को सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में मांगलिक भवन बस स्टैंड पर ध्वज भूमि पूजन किया गया तथा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। जिसमें सम्मेलन को भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्यभारत प्रांत प्रचारक एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि बाबा सत्यनारायण मौर्य मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे।

### प्रमुख कार्यक्रम इस प्रकार रहेंगे

श्रीरामधुन संकीर्तन यात्रा 1 जनवरी से 21 जनवरी तक प्रतिदिन प्रातः 5 बजे, खेड़ापति हनुमान मंदिर से नगर के मुख्य मार्गों से कलश यात्रा व भूमि पूजन। 13 जनवरी, मंगलवार समरसता दिवस व स्वच्छता सेवक सम्मान।14 जनवरी, बुधवार, छत्रपति माता मंदिर परिसर (नगर के सफाई मित्रों का सम्मान) महाआरती ।15 जनवरी, गुरुवार, चरणदास मंदिर संतध्पुजारी सम्मान। 16 , शुक्रवार, चरणदास मंदिर भव्य सुंदरकांड पाठ- 17, शनिवार, शासकीय अस्पताल के पीछे पर्यावरण एवं स्वदेशी दिवस। 18 , शिमला बस स्टैंड गौ माता पूजन। 19, सावलिया गौशाला भारत माता की आरतीरू 20 जनवरी, रात्रि 8 बजे, न्यू बस स्टैंड भव्य हिंदू सम्मेलन। 21 जनवरी बैठक में नगर के समस्त हिंदू समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पीएम श्री बालक एवं कन्या में मनाया गया युवा दिवस



**सुठालिया।** नगर के पीएम श्री बालक एवं कन्या में भारतीय संस्कृति, सनातन मूल्यों एवं आध्यात्मिक चेतना को प्रतिष्ठित करने वाले, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गयां जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माधवी सिंह परमार भाजपा जिला मंत्री उपस्थित रही । प्राचार्य हेमंत यादव ने इस अवसर पर अतिथि का स्वागत कर युवा दिवस पर युवाओ के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से छात्रों को अवगत कराया, साथ ही भाजपा जिला मंत्री माधवी सिंह परमार ने बताया कि योग से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। और विवेकानंद जी ने ज्ञान, साहस और कर्तव्यभाव के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास और राष्ट्रप्रेम की चेतना जगाई। उनके आदर्श आज भी युवा पीढ़ी को सेवा, समर्पण और 'विकसित भारत' के निर्माण की दिशा में प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में सामूहिक सूर्य नमस्कार व योग किया गया एवं कन्या संकुल प्राचार्य दिनेश कुमार धनगर द्वारा विद्या की देवी मां शारदे एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पूजन एवं माल्यार्पण के साथ राष्ट्रगीत हुआ।



### खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 का शुभारंभ

**जीरापुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजगढ़ द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजगढ़, विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामबाबू पाटीदार ने सर्वप्रथम हनुमान जी की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना कर ट्रायल का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के लगभग 685 खिलाड़ियों ने सहभागिता की। खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के अंतर्गत 21 खेलों के ट्रायल आयोजित किए गए, जिनमें प्रमुख रूप से वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, रस्सा-कस्सी, हॉकी, फुटबॉल, बास्केटबॉल, शतरंज, पिट्ठू, कुश्ती, तैराकी, टेबल टेनिस, जूडो, वेटलिफ्टिंग, योगासन, थ्रो बॉल, शूटिंग, टेनिस, मलखंभ, बॉक्सिंग, फेंसिंग, कयाकिंग-केनोइंग, आर्चरी एवं रोइंग शामिल रहे। इस अवसर पर खेलो एमपी यूथ गेम्स का अतिथियों ने उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है।

## महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई



**जीरापुर।** स्थानीय महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। जहां पर मां सरस्वती , स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। संस्था प्राचार्य दिनेश गुर्जर संचालक शिवचरण दांगी ने विधार्थियों को सुर्य नमस्कार एवं स्वामी विवेकानंद के बारे में बताया। कार्यक्रम में स्पोर्ट्स शिक्षक महेंद्र सिंह सोनगरा , रामेश्वर वरदानियां , दिलीप राठौर , अंकुश भावसार , रामेश्वर हरदेनिया , कमल , कृपाल सोलंकी , संजय गौड़ शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। संस्था प्राचार्य दिनेश गुर्जर ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने शिकागो सम्मेलन धार्मिक महासभा में भारत का नाम ऊंचा किया था मेरे प्यारे भाई और बहनों से सम्बोधन किया था और उन्होंने कहा कि सनातन धर्म से ही सभी धर्म बने हैं स्वामी विवेकानंद ने कहा उठो जागो और जब तक मत रुको तब तक की लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए उन्होंने वैदिक शिक्षा धर्म का प्रचार प्रसार किया और विश्व में सनातन धर्म का डंका बजाया बालक बालिकाओं के द्वारा योग ओर सूर्य नमस्कार किया गया।

### सड़क किनारे खड़ी महिला को कार ने मारी टक्कर, मौत

**राजगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-52 पर सोमवार देर रात्रि हुए एक सड़क हादसे में हाईवे के किनारे खड़ी महिला को अज्ञात कार चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही दुःखद मृत्यु हो गई। घटना के बाद शव को जिला अस्पताल लाया गया जहां मंगलवार सुबह पीएम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिया गया। राजगढ़ में हेडगेवार कॉलोनी निवासी राजूलाल वर्मा, उनकी पत्नी कृष्णाबाई एवं पुत्र सुनील वर्मा बाईक से राजस्थान के भीमगढ़ स्थित देवस्थान से

आजीविका मिशन के हर ब्लॉक में आयोजित हो रहे कार्यक्रम

## पतंग महोत्सव के साथ ही स्वास्थ्य शिविर भी किए जाएंगे आयोजित



**राजगढ़।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में नई चेतना अभियान के तहत जिले के समस्त ब्लॉकों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत प्रथम दिवस कल 13 जनवरी को लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं से आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनने के संबंध में संवाद किया गया। इसी तरह आज 14 जनवरी को पतंग महोत्सव एवं कल 15 जनवरी को सभी विकासखंडों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम के तहत महिलाओं के अलग-अलग समूह एकत्रित हुए।

महिलाओं ने बताया कि किस तरह समूह से जुड़कर अपनी एवं परिवार की आजीविका वृद्धि की। महिलाओं ने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति में बदलाव के साथ ही क्षमताओं का विकास हुआ है। अलग-अलग ब्लॉकों में आयोजित कार्यक्रमों में 300 गांवों की करीब 2 हजार से अधिक महिलाओं ने कार्यक्रमों सहभागिता की।

### सर्राफ मैरिज गार्डन में निःशुल्क नेत्र शिविर

**माचलपुर।** हिंदू उत्सव समिति माचलपुर के तत्वधान में नगर सर्राफ मैरिज गार्डन में मंगलवार को निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का शुभारंभ हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष पवन मिश्रा वा पार्षद दयाराम राठौर द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण वा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया शिविर में नगर सहित आसपास क्षेत्र के 240 लोगो का पंजीयन हुआ जिनकी आंखो की जांच उपरांत 49 लोगो को आप्रेशन हेतु चुना गया और इन सभी को सद्गुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर ले गए। भोजन के पैकेट की व्यवस्था की गई 191 की जांच के बाद निःशुल्क दवाई दी गई।

भोजन के बाद से ही सिरदर्द, घबराहट, पेट दर्द व उल्टी की होने लगी शिकायत

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से लौट रहे 19 किसानों की तबीयत बिगड़ी

### स्वसहायता समूह कुरावर द्वारा की गई थी किसानों के लिए भोजन व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

भोपाल की हजूर विधानसभा में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री के कृषक कल्याण वर्ष 2026 के कार्यक्रम में शामिल होकर लौटे किसानों के बीमार होने का मामला कुरावर क्षेत्र से सामने आया है। जानकारी के अनुसार ग्राम निपानिया चेतन के 10 किसान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरावर पहुंचे जहां उनका उपचार हेतु खाने के लिए दवाई ओआरएस का पैकेट दिया गया। उल्लेखनीय है कि रविवार को भोपाल में कृषि विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं उपस्थित थे। नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र से लगभग 800 किसानों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भोपाल भेजा गया था। किसानों के लिए भोजन की व्यवस्था कुरावर के स्व सहायता समूह द्वारा की गई थी। बताया जा रहा है कि कृषि विभाग द्वारा भोजन पैकेट का वितरण हिंगोनीजोड़ पर किया गया था। भोजन करने के बाद से ही कई किसानों की तबीयत बिगड़ने लगी। उन्हे सिरदर्द, घबराहट, पेट दर्द सहित उल्टी दस्त की शिकायत होने लगी था।

### गांव में स्वास्थ्य विभाग ने लगाया कैंप, दिनभर चलती रही जांच

सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरावर में 19 लोगों का इलाज किया गया, वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्राम बिजोरी पहुंचकर सहकारी संस्था के पीछे कैंप लगाकर दिनभर में 39 लोगों की जांच की। मंगलवार के समीपस्थ ग्राम निपानिया चेतन के 10 किसान दिलीप पिता राधेश्याम (26), पवन पिता राधेश्याम (36), सुनील पिता शिवनारायण (23), मांगीलाल पिता घीसालाल (60), आत्माराम पिता गंगाराम (55), विजयराम पिता हजारी (41), रामनिवास पिता बद्रीलाल (32), छोटे राम पिता नन्नूलाल (48) कैलाश पिता गंगाराम (50) व विशाल पिता दिनेश उल्टी व पेट दर्द से पीड़ति पाए गए। ये सभी घरेलू उपचार के बाद भी राहत नहीं मिलने पर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरावर पहुंचे। जहां मेडिकल ऑफिसर डॉ नरेश गवली ने उपचार हेतु दवाई लिखी। इलाज से पूर्व किसान कुरावर थाना एवं जहां उन्होंने नायब तहसीलदार को शिकायत देकर भोजन की जांच कराने एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।



#### केंद्र भेजा गया

किसानों की शिकायत प्राप्त हुई थी, प्राथमिकता के तौर पर उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

सुनीता कुमारी, नायब तहसीलदार कुरावर

#### कार्रवाई की जाएगी

भोजन की जांच रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। संबंधित स्व सहायता समूह को नोटिस जारी किया जाएगा और नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सुशील कुमार, एसडीएम नरसिंहगढ

#### बीमार होना संभव नहीं

मैंने स्वयं की उपस्थित में एक हजार लोंगो के लिए भोजन नोडल अधिकारी की देखरेख में गुणवत्तापूर्ण बनाया है। भोजन मैंने व मेरे साथियों भी खाया तथा भोजन खाने से बीमार होना संभव नही है।

जयशीला, अध्यक्ष स्वसहायता समूह

खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026

### ब्लॉक से चयनित खिलाड़ियों को मिला सम्मान



**सारंगपुर।** शासन द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय खो-खो एवं अन्य खेलों के चयन ट्रायल सारंगपुर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला एवं विशेष अतिथि मनीष शर्मा ने चयनित खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। चयन कार्यक्रम में संभागीय खेल अधिकारी श्रीमती शर्मीला डावर ने सभी चयनित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे आगामी संभागीय एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करें।